बिहार सरकार
विज्ञान एवं प्रावैधिक विभाग

पत्रांक – वि॰ प्रा॰ (III) य[1] – 16/2012– /पटना, दिनांक–

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं0 हक) बिहार,
वीरचंद पटेल मार्ग, पटना।

विषय – रोहतास जिला में शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय, सासाराम की स्थापना की स्वीकृति तथा संस्थान के भवनों के निर्माण कार्यों के लिए रू॰ 108.93 करोड़ (एक सौ आठ करोड़ तिरानवे लाख रूपये) मात्र के अनुमानित व्यय पर प्रशासनिक स्वीकृति।

आदेश :– स्वीकृत।

राज्य सरकार ने रोहतास जिला में शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय, सासाराम की स्थापना की स्वीकृति तथा संस्थान के भवनों के निर्माण कार्यों के लिए रू॰ 108.93 करोड़ (एक सौ आठ करोड़ तिरानवे लाख रूपये) मात्र के अनुमानित व्यय पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

2. उक्त प्रशासनिक स्वीकृति के विरूद्ध राशि का व्यय योजना बजट के ''मुख्यशीर्ष– 4059 –लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्यशीर्ष –80–सामान्य, लघुशीर्ष–051–निर्माण, मांग संख्या–3, उपशीर्ष–0117–इंजिनियरिंग/तकनीकी महाविद्यालय और संस्थाओं के लिए भवनें (विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग),'' विपत्र कोड:– पी 4059800510117 के अधीन मुख्य निर्माण कार्य विषयशीर्ष में उपबंधित राशि से किया जायेगा।

3. उक्त प्रशासनिक स्वीकृति के विरूद्ध राशि विमुक्ति संबंधी व्यायादेश/आवंटनादेश, भवन निर्माण विभाग बिहार, पटना द्वारा संबंधित भवन प्रमंडल, सासाराम (रोहतास) को प्रदान किया जायेगा।

4. विमुक्ति हेतु स्वीकृत राशि का आवंटन, सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा संबंधित भवन प्रमंडल, सासाराम (रोहतास) को प्रदान किया जायेगा।

5. आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्राधिकृत/विनिर्दिष्ट कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सासाराम (रोहतास) होगें।

6. आवंटित राशि की निकासी नियमानुसार कोषागार, सासाराम (रोहतास) से की जायेगी।

7. विमुक्ति हेतु स्वीकृत राशि की निकासी, विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन निर्गत आवंटन तक सीमित रहेगा।

8. संस्थान की स्थापना, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्वीकृत्यादेश संख्या–1282, दिनांक 28.12.2012 के द्वारा रोहतास जिलान्तर्गत शिवसागर अंचल के मौजा–कुरूप, थाना सं॰–351, खाता संख्या–220, खेसरा सं॰–2043, 2044 एवं 2046 के रकवा क्रमशः 6.75, 2.25 एवं 1.62 एकड़ कुल रकवा 10.62 एकड़ कैसरे हिन्द किस्म पुरानी परती भूमि पर, की जायेगी।

9. यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या– 96वि(2), दिनांक 03.01.2008 में अंकित प्रावधानानुसार दिनांक 11.08.2015 को सम्पन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में मद संख्या–17 पर लिए गये निर्णय के आलोक में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जाता है।

10. वित्त विभाग के पत्रांक– 7355 वि(2), दिनांक 05.10.2007 के अनुसार इस योजना के लिए प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह॰/ –
(ओम प्रकाश राय)
सरकार के अपर सचिव
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग
बिहार, पटना

ज्ञापांक – वि॰ प्रा॰ (III) य^{1} – 16/2012– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – वित्त विभाग/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक – वि॰ प्रा॰ (III) य^{1} – 16/2012– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – कोषागार पदाधिकारी, राजकीय कोषागार, सासाराम (रोहतास) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक – वि॰ प्रा॰ (III) य^{1} – 16/2012– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – प्रधान सचिव/विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक– वि॰ प्रा॰ (III) य^{1} – 16/2012– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – जिला पदाधिकारी, सासाराम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक – वि॰ प्रा॰ (III) य^{1} – 16/2012– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – विशेष सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक –1282, दिनांक 28.12.2012 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक – वि॰ प्रा॰ (III) य^{1} – 16/2012– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – अपर सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को दिनांक 11.08.2015 को सम्पन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में मद संख्या– 17 पर प्रदान की गई स्वीकृति के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक – वि॰ प्रा॰ (III) य^{1} – 16/2012– 1943 /पटना, दिनांक– 21-08-2015

प्रतिलिपि – माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/उप निदेशक (यो)/प्रशाखा पदाधिकारी–3/ बजट सहायक, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित तथा आई॰टी॰ मैनेजर, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/8/15
सरकार के अपर सचिव

आई॰टी॰ मैनेजर

19/8/15